# भजनमय सुंदरकांड संध्या में भक्ति, सेवा और सम्मान का संगम

- रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण की ओर से सुंदरकांड संध्या का भव्य आयोजन
- चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सेवा कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

जासं, मुरादाबाद : भजनमय सुंदरकांड संध्या में भक्त भक्ति भाव में लीन होकर झूमते नजर आए। प्रभु भजनों का रंग भक्तों पर ऐसा चढ़ा कि वह भक्ति में पूरी तरह डूब गए। रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण की ओर से सुंदरकांड संध्या का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें प्रभु भक्ति, सेवा और सम्मान का संगम के रंग देखने को मिले। इस अवसर पर चिकित्सक और सीए को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम आईएमए हाल में किया गया।

कथावाचक व्योम त्रिपाठी द्वारा सुंदरकांड का दिव्य पाठ किया गया। जिसे सुनकर सभी उपस्थित रोटेरियन भक्ति में सराबोर हो गए। इस अवसर पर मुरादाबाद के चार प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें डा. नितिन बत्रा, डा. अभय सिंह, सीए सुधीर सरन और सीए दिव्यांशु अग्रवाल मौजूद रहे। अध्यक्ष रोटेरियन गोपाल अग्रवाल ने सभी रोटेरियनों एवं आमंत्रित अतिथियों का हृदय से स्वागत किया और कहा कि रोटरी क्लब न केवल सामाजिक कार्य करता है, बल्कि आत्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सहेज कर समाज को प्रेरित करता है। सचिव आशीष अग्रवाल, सुबोध भारद्वाज, एडवोकेट सौरभ मदान, प्रमित सिंघल, डा. गोपेश मेहरोत्रा, विपुल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, गौरव सक्सेना, एडवोकेट निखिल गुप्ता, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



सुंदरकांड पाठ करते आचार्य व्योम त्रिपाठी • जागरण



रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण की ओर से सुंदरकांड पाठ में शामिल पदाधिकारी • जागरण

# पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश




नव रोटरी वर्ष की शुरूआत पर रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण की ओर से टीडीआइ सिटी पार्क में पौधारोपण करते पदाधिकारी • जागरण

जासं, मुरादाबाद : वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत सामाजिक संस्थाओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से गौरी शंकर पार्क में चंपा और शिव शक्ति मंदिर पार्क में दिव्य बेल पत्र का पौधारोपण किया गया।

प्रमोद सक्सेना ने कहा कि पौधरोपण में बच्चों की भागीदारी का मुख्य उद्देश्य पौधों के प्रति मित्रता, प्रेम भाव, संरक्षण और संवर्धन से है। क्योंकि हमारे जीवन में पेड़ पौधों का अमूल्य महत्व है। संस्थापक नेपाल सिंह पाल ने कहा कि हरे पेड़ पौधे प्राकृतिक आक्सीजन की फैक्ट्री हैं। इन्हें हम आस्था व राशि, ग्रह, नक्षत्र आदि के अनुसार भी रोप सकते हैं। समाजसेवी देवेन्द्र सिंह जटराना, प्रमोद सक्सेना, एडवोकेट प्रदीप सक्सेना, दीपक कपूर, सुभाष चंद्र रस्तोगी, सुनीता, अशोक महाजन, डा. वीरेंद्र कुमार, प्रदीप आदि रहे।

उधर, रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण ने रोटरी वर्ष 2025-26 की शुरुआत पर्यावरणीय संकल्प के साथ की। क्लब ने रामगंगा विहार स्थित टीडीआइ सिटी पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम किया। जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सबसे पहले नव नियुक्त अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव आशीष अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष सौरभ मदान को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। अमरूद, कनेर, गुड़हल, आड़ू, जामुन, रुद्राक्ष, आम, पपीता, नींबू, आंवला आदि के पौधे रोपे गए। साथ ही संकल्प लिया कि सभी पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी और इन सभी पौधों को रोटरी प्लांट नाम दिया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सचिन अग्रवाल, सुबोध भारद्वाज, एडवोकेट सौरभ मदान, विपुल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, गौरव सक्सेना एडवोकेट आदि रहे।